an>

Title: Need to restart mining work in various coal mines of Kalakot in Rajouri district of Jammu & Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आपका ध्यान जम्मू-कश्मीर के जिला राजौरी और तहसील कालाकोट की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां पर कोयले की बहुत सारी खाने हैं लेकिन सरकार ने उन खानों से कोयला निकालना बंद कर दिया है। शायद जम्मू-कश्मीर पर्याप्त साधन नहीं जुटा पाती है और वहां से कोयला नहीं निकल पा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि क्या केन्द्र सरकार की खनन करने की ऐसी कोई योजना है जिसके अंतर्गत बंद हुयी खानों को सक्रिय किया जा सके ताकि वहां के बेरोजगार लोगों को रोजगार भी मिल सके और कोयले का उत्पादन भी हो सके। मैं इसके साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि यदि राज्य सरकार के पास पर्याप्त साधन नहीं है तो केन्द्र सरकार उन सभी खानों को किसी संधि के तहत अपने अधीन करना चाहिए जिससे उनका लाभ देश को मिल सके।

मैं आपका ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूं कि वहां पर जो मजदूर काम करते हैं, उन्हें 150 रुपये दिहाड़ी दी जाती है, वे अपनी जिंदगी को दांव पर लगाकर खानों में जाते हैं और वहां से कोयला निकालते हैं, जिसके लिए उनको 150 रुपये दिये जाते हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। यह उन लोगों के साथ धोखा है। मेरा यह निवेदन है कि केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर की सरकार को निर्देश दे कि वहां पर काम करने वाले मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ायी जाये और उनको परमानैन्ट भी किया जाये।